| दिनांक 28.10.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 35/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारियों के निधन पर उनकी स्मृति में पुलिस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन

आज दिनांकः 28.10.2025 को पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ स्थित सभागार में श्री विक्रमजीत सिंह सियाल सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के दिनांकः 07.10.2025 को, श्री हरभजन सिंह सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के दिनॉकः 08.10.2025 को एवं श्री ज्ञान सिंह सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक के दिनॉकः 25.10.2025 को हुये निधन के परिपेक्ष्य में शोक–सभा का आयोजन किया गया।

**श्री राजीव कृष्णा**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण द्वारा दिवंगत पुलिस अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

तत्पश्चात पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिवंगत पुलिस अधिकारियों का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया गया।

**श्री विक्रमजीत सिंह सियाल मलिक जी का संक्षिप्त जीवन परिचय :–**

श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी का जन्म 07 जुलाई 1935 को इलाहाबाद में हुआ था।

श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल वर्ष 1959 में ''भारतीय पुलिस सेवा'' में चयनित हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त श्री सियाल, सहायक पुलिस अधीक्षक, पीटीसी मुरादाबाद, देहरादून, आगरा, अपर पुलिस अधीक्षक आगरा, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण पीटीसी, माउन्ट आबू, सेनानायक, 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़, रायबरेली, बरेली, सेनानायक, 36 सीआरपी नागालैण्ड, सेनानायक, 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाराणसी के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 1977 में ''पुलिस उप महानिरीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक, रेलवे इलाहाबाद के पद पर नियुक्त रहते हुये वर्ष 1978 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये। वर्ष 1984 में प्रतिनियुक्ति से वापस आने के फलस्वरूप पुलिस उप महानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र के पद पर नियुक्त हुये तथा वहीं से पुनः वर्ष 1985 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये। श्री सियाल केन्द्रीय प्रनियुक्ति पर पुलिस महानिदेशक एनएसजी के पद पर नियुक्त रहते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर 31 जुलाई 1993 को सेवानिवृत्त हुये। श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी का दिनांकः 07.10.2025 को दुःखद निधन हो गया है।

श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी ने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य सम्पादित कर पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया है। श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी का 34 वर्षों से अधिक का सेवाकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी अपने पीछे पत्नी एवं एक पुत्र व दो पुत्री एवं भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

श्री सियाल जी को सेवाकाल के दौरान 15 अगस्त 1978 को दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक'' एवं 15 अगस्त 1986 को विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक'' प्रदान किया गया है। श्री बिक्रमजीत सिंह सियाल जी अपनी उक्त उपलब्धियों के लिये सदैव हमारी स्मृति में बने रहेंगे।

**श्री हरभजन सिंह जी का संक्षिप्त जीवन परिचय :–**

श्री हरभजन सिंह जी का जन्म 01 अप्रैल 1945 को जालंधर(पंजाब) में हुआ था।

श्री हरभजन सिंह जी वर्ष 1976 में ''भारतीय पुलिस सेवा'' में चयनित हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त श्री हरभजन सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक, जनपद आगरा, अपर पुलिस अधीक्षक सहारनपुर, पुलिस अधीक्षक, एण्टी डकैती ऑपरेशन, आगरा, पुलिस अधीक्षक, एस0ई0बी0 लखनऊ, पुलिस अधीक्षक, बहराइच, देवरिया, गाजीपुर, बस्ती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फैजाबाद, सहारनपुर, मैनपुरी, मेरठ, पुलिस अधीक्षक, सीबीसीआईडी लखनऊ, सेनानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ एवं पीटीएस मुरादाबाद के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 1994 में ''पुलिस उप महानिरीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक, एसपीएफ मुरादाबाद, पीएसी सेक्टर आगरा, मेरठ, पुलिस उप महानिरीक्षक(कार्मिक), उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद, पुलिस उप महानिरीक्षक, फैजाबाद परिक्षेत्र, सहारनुपर परिक्षेत्र, कुमायूँ परिक्षेत्र नैनीताल के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 1998 में ''पुलिस महानिरीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक इलाहाबाद जोन, वाराणसी जोन, लखनऊ जोन, बरेली जोन, पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें लखनऊ, पीएसी मुख्यालय लखनऊ, मानवाधिकार लखनऊ, पीएसी पश्चिमी जोन मुरादाबाद, पुलिस महानिरीक्षक(प्रशासन) उ0प्र0, पुलिस महानिरीक्षक, भवन एवं कल्याण उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद, पुलिस महानिरीक्षक, होमगार्डस मुख्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे। दिसम्बर 2004 में पुलिस महानिरीक्षक, मेरठ जोन के पद पर नियुक्त रहते हुये 31 मार्च 2005 में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्णकर सेवानिवृत्त हुये। श्री हरभजन सिंह जी का दिनांकः 08.10.2025 को दुःखद निधन हो गया है।

श्री हरभजन सिंह जी ने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य सम्पादित कर पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया है। श्री हरभजन सिंह जी का 28 वर्षों से अधिक का सेवाकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। श्री हरभजन सिंह जी अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री व भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

श्री हरभजन सिंह जी को सेवाकाल के दौरान गणतन्त्र दिवस 1999 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक'' प्रदान किया गया है। श्री हरभजन सिंह जी अपनी उक्त उपलब्धियों के लिये सदैव हमारी स्मृति में बने रहेंगे।

**श्री ज्ञान सिंह जी का संक्षिप्त जीवन परिचय :–**

श्री ज्ञान सिंह जी का जन्म 01 जुलाई 1953 को इलाहाबाद में हुआ था।

श्री ज्ञान सिंह जी वर्ष 1980 में ''प्रान्तीय पुलिस सेवा'' में चयनित हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त श्री ज्ञान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद मैनपुरी, एसपीएफ मुरादाबाद, झांसी, देवरिया, अभिसूचना लखनऊ, अभिसूचना वाराणसी के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 1992 में ''अपर पुलिस अधीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद आगरा, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, बदायूँ, चन्दौली, पीलीभीत, इटावा, सहारनपुर, अपर पुलिस अधीक्षक(क्षेत्रीय) अभिसूचना बरेली, अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण मुरादाबाद, ग्रामीण सहारनपुर, अपर पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ, उप सेनानायक, 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2004 में ''भारतीय पुलिस सेवा'' में प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 पुलिस इण्टर स्टेट बार्डर फोर्स सब सेक्टर झांसी, पुलिस अधीक्षक, अम्बेडकरनगर, देवरिया, महोबा, बिजनौर, कुशीनगर, मऊ, बस्ती, हरदोई, पुलिस अधीक्षक/उप प्रधानाचार्य एटीसी सीतापुर एवं पीटीसी सीतापुर, पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ एवं सेनानायक, 43वीं वाहिनी पीएसी एटा के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 2010 में ''पुलिस उप महानिरीक्षक'' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेलवे लखनऊ, पुलिस उप महानिरीक्षक, होमगार्डस के पद पर नियुक्त रहे, जहाँ से अपनी अधिवर्षता आयु पूर्णकर 30 जून 2013 को सेवानिवृत्त हुये। श्री ज्ञान सिंह जी का दिनांकः 25.10.2025 को दुःखद निधन हो गया है। श्री ज्ञान सिंह जी अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री व भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

श्री ज्ञान सिंह जी को सेवाकाल के दौरान स्वतन्त्रता दिवस 2011 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक'' प्रदान किया गया है। श्री ज्ञान सिंह जी अपनी उक्त उपलब्धियों के लिये सदैव हमारी स्मृति में बने रहेंगे।











| दिनांक 28.10.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 36/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

<u>जनपद हरदोई/थाना कछौना</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 28.10.2025 को थाना कछौना व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार में थाना क्षेत्र में बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त कपिल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कछौना पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कछौना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–कपिल निवासी ग्राम समसपुर थाना कछौना जनपद हरदोई।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद हरदोई/थाना कछौना

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सफेद धातु के आभूषण**
- **02 लाख 08 हजार 750 रूपये नगद बरामद**

दिनॉकः 27.10.2025 को थाना कछौना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–निखिल उर्फ विक्रम उर्फ निक्की सहित अभियुक्त 2–सूरज 3–अमित कुमार 4–नीलू उर्फ स्पर्श 5–महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिर फ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सफेद धातु के आभूषण, 02 लाख 08 हजार 750 रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कछौना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कछौना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त निखिल उर्फ विक्रम उर्फ निक्की थाना कछौना पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कछौना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–निखिल उर्फ विक्रम उर्फ निक्की निवासी नटपुरवा थाना कछौना जनपद हरदोई।

2–सूरज निवासी मोतीनगर थाना कोतवाली शहर जनपद उन्नाव।

3–अमित कुमार निवासी मोहल्ला कृष्णानगर थाना बेनीगंज जनपद हरदोई। 4–नीलू उर्फ स्पर्श निवासी मोहल्ला कृष्णानगर थाना बेनीगंज जनपद हरदोई।

5–महेन्द्र कुमार निवासी पश्चिमी सिवाला मन्दिर कस्बा व थाना रहीमाबाद, लखनऊ।

**बरामदगी**

1–चोरी के सफेद धातु के आभूषण।

2–02 लाख 08 हजार 750 रूपये नगद।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–24**

**• चोरी की घटना का अनावरण**

**• 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लगभग 03 किलो 500 ग्राम चोरी के सफेद धातु की सिल्ली**

**• घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना सेक्टर–24 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वीडियोकॉन चौराहा सेक्टर–11 के पास से 02 अभियुक्तों 1–राजू उर्फ सोनू 2–सदाशिव को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 किलो 500 ग्राम चोरी के सफेद धातु की सिल्ली, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो मन्दिरों में लगे आभूषण चोरी कर उसे गलाकर सिल्ली बनाकर बेच देते है, गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सफेद धातु सिल्ली चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–24 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजू उर्फ सोनू निवासी पूर्वी विनोद नगर थाना कल्याणपुरी दिल्ली।

2–सदाशिव निवासी फैजगंज थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 किलो 500 ग्राम चोरी के सफेद धातु की सिल्ली।

2–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–58**

**• 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलोग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना सेक्टर–58 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर–59 मेट्रो स्टेशन के पास से अभियुक्त शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–58 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शुभम कुमार निवासी अशोकपुरी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ, हालपता आम्रपाली गोल्फ होम्स सेक्टर–04 नोएडा।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलोग्राम अवैध चरस।

**जनपद जौनपुर/थाना बरसठी**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 300 ग्राम एम0डी0एम0ए0 एवं बनाने की सामग्री आदि**
- **01 लाख 10 हजार रूपये नगद**
- **01 स्विफ्ट डिजायर कार आदि बरामद**

दिनांक 27.10.2025 को थाना बरसठी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम पाली के पास से 03 अभियुक्तों 1–संतोष 2–अभीत 3–अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 300 ग्राम एम0डी0एम0ए0 एवं बनाने की सामग्री आदि, 01 लाख 10 हजार रूपये नगद, 01 स्विफ्ट डिजायर कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बरसठी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संतोष निवासी पाली थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

2–अभीत निवासी पाली थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

3–अंकित निवासी पाली थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 300 ग्राम एम0डी0एम0ए0 एवं बनाने की सामग्री आदि।

2–01 लाख 10 हजार रूपये नगद।

3–01 स्विफ्ट डिजायर कार आदि।

**जनपद फतेहगढ़/थाना साइबर क्राइम**

**• 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• धोखाधड़ी के 25 लाख रूपये नगद**

**• 06 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, 22 एटीएम कार्ड**

**• 01 आडी कार आदि बरामद**

दिनांक 28.10.2025 को थाना साइबर क्राइम ब्रान्च पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–जुनैद आलम 2–कादिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 25 लाख रूपये नगद, 06 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, 22 एटीएम कार्ड, 01 आडी कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जो जस्ट डायल के माध्यम से पेट्रोल पम्प की फर्जी वेबसाइट बनाकर आनलाइन पेट्रोलपम्प का लाइसेन्स आवंटन का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जुनैद आलम निवासी बिलारी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

2–कादिर निवासी करूला अनवार नगर थाना कठघर जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के 25 लाख रूपये नगद।

2–06 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, 22 एटीएम कार्ड।

3–01 आडी कार आदि।

- **<u>जनपद प्रतापगढ़ (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 करोड़ 25 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद प्रतापगढ़ पुलिस ने अभियुक्त छविनाथ यादव पुत्र सुन्दर यादव निवासी ग्राम करेंटी मऊदारा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 करोड़ 25 लाख रू0 को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

————